# पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान पर मंथन

## यूपीईएस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईसीएमएस 2025 सफलतापूर्वक संपन्न

**माई सिटी रिपोर्टर**

देहरादून। यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यूपीईएस) ने इंजीनियरिंग और पर्यावरणीय सततता में उभरते अनुप्रयोगों के लिए गणितीय विज्ञान विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईसीएमएस 2025 का आयोजन किया।

एएनआरएफ-सर्ब और यूकॉस्ट के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन डॉ. वीरेंद्र एम. तिवारी (निदेशक, सीएसआईआर-एनईआईएसटी) और डॉ. वीनीत के. गहलौत (निदेशक, वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी) ने किया। वहीं, पोलिश एकेडमी ऑफ साइंसेज से प्रो. तादेउस्ज चाचोर्स्की



अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। स्रोत : आयोजक

सम्मानित अतिथि के रूप में जुड़े।

सम्मेलन में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें छात्र, शोधकर्ता और पेशेवर शामिल रहे। यूपीईएस के कुलपति डॉ. राम शर्मा ने बताया सम्मेलन का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन, आपदा पूर्वानुमान, जल प्रबंधन और सतत ऊर्जा जैसे वैश्विक मुद्दों पर गणितीय विज्ञानों के अनुप्रयोगों पर चर्चा करना था। कार्यक्रम में 200 से अधिक शोध सार प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 107 को मौखिक प्रस्तुति के लिए चुना गया।